झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची,दिनांक– **26.01.2020**

महत्वपूर्ण खबर....

नया झारखण्ड नयी उम्मीद

====================

मुख्यमंत्री सचिवालय, रांची

विज्ञप्ति संख्या - 100/2020

23 जनवरी 2020

रांची

====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गणतंत्र दिवस पर आम जनता से झारखंड के प्रतीक चिन्ह (LOGO) लोगो के लिए मांगे-- सुझाव 11 फरवरी पर दे सकते हैं अपने सुझाव

=====================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए आज अहले सुबह झारखंड की जनता से यह अपील किया कि वे झारखंड के प्रतीक चिन्ह (LOGO) लोगो के लिए अपने सुझाव दें। आम जनता अपने सुझाव 11 फरवरी तक ईमेल

jharkhandstatelogo@gmail.com के माध्यम से दे सकते हैं।

मंत्रिपरिषद ने पहली बैठक में राज्य के नए लोगो (Logo) के निर्माण का निर्णय लिया था

मुख्यमंत्री ने यह कहा कि हमारा झारखण्ड एक नये राह की ओर है। सबकी आकांक्षाओं के अनुरूप हमारी मंत्रिपरिषद ने पहली बैठक में राज्य के नए लोगो (Logo) के निर्माण का निर्णय लिया था जो हमारी समृद्ध संस्कृति और विरासत का प्रतिबिंब हो। यह लोगो (Logo) हम झारखण्डवासियों का पहचान होगा। इसलिए इसके निर्माण में आपकी भागीदारी सबसे अहम् है।

आईये नये झारखण्ड के निर्माण में सहयोग दे

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज गणतंत्र दिवस के दिन हम आपसे आह्वाहन करते हैं आईये नये झारखण्ड के निर्माण में सहयोग दें।

सुझाव निम्नरूप में भेजे----

उद्देश्य---

सुझाव---

डिजायन--

नाम --

पता --

फ़ोन --

ईमेल--

सुझाव भेजने की अंतिम तारीख- 11 फरवरी 2020

अपने सुझाव निम्न पर ईमेल करें--

jharkhandstatelogo@gmail.com

###

================

#TeamPRD(CMO)